**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 19.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तमाड़ में एनएच–33 ओवरले कार्य का किया भूमि पूजन, रांची–कांड्रा रेलवे लाइन समेत क्षेत्र की प्रमुख विकास परियोजनाओं को मिलेगी गति।**

2. **री–नीट अभ्यर्थियों के लिए रेलवे ने की विशेष व्यवस्था, रांची और चक्रधरपुर मंडल चलाएंगे स्पेशल ट्रेनें, स्टेशनों पर हेल्पडेस्क भी होंगे उपलब्ध।**

3. **आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने हासिल की एक और बड़ी उपलब्धि, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में बनाई जगह।**

4. **झारखंड के सात जिलों में बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट, अगले कुछ घंटों में तेज हवा के साथ मौसम खराब रहने की संभावना।**

5. **झारखंड टी टवेन्टी क्रिकेट लीग में आज होंगे दो मुकाबले पहला मैच धनबाद डायमंडस और कोयलांचल सुपर किंग्स के बीच।**

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तमाड़ में एनएच–33 के जमशेदपुर–रांची खंड में ओवरले कार्य का भूमि पूजन किया और कहा कि रांची–कांड्रा रेलवे लाइन समेत क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का काम जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। संजय सेठ ने भरोसा दिलाया कि यह रेलवे लाइन रांची, बुंडू, तमाड़, सिल्ली, चांडिल और कांड्रा समेत आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी कर कार्य शुरू कराया जाएगा।

*******************

झारखंड में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रणण झा के हार के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू के बयान पर राष्ट्रीय जनता दल ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने कहा कि उनकी पार्टी पर लगाए जा रहे आरोप तथ्यहीन हैं।

इधर राजद के बयान पर जेएमएम के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि सभी बिन्दुओं पर समीक्षा होगी।

*******************

21 जून को आयोजित होने वाली री–नीट परीक्षा को देखते हुए रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। रांची रेल मंडल ने परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए दो परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें टाटीसिल्वे, मधुआ, लोहरदगा, बड़काकाना, टोरी और लातेहार सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी। इसके अलावा स्टेशनों पर हेल्पडेस्क स्थापित किए जाएंगे वहीं, दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल ने भी री–नीट अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 21 जून को राउरकेला और टाटानगर के बीच

विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। ट्रेन संख्या 68044 राउरकेला से सुबह 5 बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी और सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर टाटानगर पहुंचेगी। परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन का ठहराव राउरकेला और टाटानगर के बीच पड़ने वाले सभी स्टेशनों और हॉल्टों पर दिया जाएगा।

********************

21 जून को रांची के 21 केंद्रों समेत राज्य के अलग–अलग शहरों में री–नीट परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें करीब 10 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। पिछली बार हुई घटना के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और परीक्षार्थियों को कई लेयर की जांच से गुजरना होगा, जिसके लिए रांची जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा विशेष टीमें गठित की गई हैं।

********************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तहत मिशन परिवार विकास अभियान 2026 के प्रथम चरण का राज्यव्यापी शुभारंभ किया गया, जिसके तहत सभी जिलों में उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर विशेष जागरूकता एवं परिवार नियोजन गतिविधियां आयोजित की गईं। एएनएम, सहिया और स्वास्थ्य कर्मियों ने योग्य दंपतियों व समुदाय को परिवार नियोजन के महत्व, अस्थायी–स्थायी गर्भनिरोधक साधनों और मातृ–शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी।

********************

धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम ने अपनी 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा में एक नई उपलब्धि हासिल की है। संस्थान को पहली बार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में स्थान मिला है। वैश्विक रैंकिंग में संस्थान को 701 से 710 बैंड में जगह दी गई है। इस रैंकिंग में भारत के 52 संस्थानों के बीच आईआईटी (आईएसएम) धनबाद को 21वां स्थान मिला है, जबकि 13 आईआईटी में इसका स्थान 11वां रहा।

********************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पूरे राज्य में तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में धनबाद में आज 'रन फॉर योग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ रणधीर वर्मा चौक से हुआ और इसका समापन सिटी सेंटर में किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी अमरेन्द्र पाठक ने कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

********************

बोकारो में आदिवासी जमीनों पर कथित कब्जे के मामले को लेकर बोकारो सरना विकास समिति ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। समिति के अध्यक्ष महेश मुंडा ने आरोप लगाया कि भू–माफिया आदिवासियों की जमीन का स्वरूप बदलकर उसकी खरीद–बिक्री कर रहे हैं।

********************

झारखंड में मुहर्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। इस दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्यभर में लगभग दस हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की जाएगी। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार आईआरबी और जिला बलों के साथ–साथ होमगार्ड जवानों को

भी सुरक्षा ड्यूटी में लगाया जाएगा। इसके तहत 5 हजार 850 होमगार्ड जवानों की तैनाती की जाएगी।

*******************

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सेंसेक्स में आज दोपहर के कारोबार में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। ताजा समाचारों के अनुसार सेंसेक्स 790 अंकों की गिरावट के साथ 76 हजार 620 पर है और निफ्टी 210 अंकों की गिरावट के साथ 23 हजार 960 पर था।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 37 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 45 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

रांची मौसम केंद्र ने झारखंड के सात जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार धनबाद, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, जामताड़ा, सरायकेला–खरसावां, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम के कुछ हिस्सों में अगले एक से तीन घंटे के दौरान हल्की से मध्यम बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है।

*******************

रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे झारखंड टी टवेन्टी क्रिकेट लीग में आज दो मुकाबले होंगे। पहला मैच धनबाद डायमंडस और कोयलांचल सुपर किंग्स के बीच होगा वहीं दूसरा मुकाबला छोटानागपुर रॉयल्स और संथाल स्ट्राइकर्स के बीच होगा। इससे पहले कल धनबाद डायमंडस ने संथाल स्ट्राइकर्स को 7 विकेट से हराकर जीत हासिल की।

*******************